भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1296

12 फरवरी, 2021 को उत्तरार्थ

विषय: ओडिशा में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओज़)

1296 श्री अश्वनी वैष्णव:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा में आज की तिथि तक कितने किसान उत्पादन संगठन पंजीकृत किए गए हैं और उनमें से कितने किसान उत्पादक संगठनों को आवश्यक सहायता प्राप्त करने के लिए नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के साथ जोड़ा गया है; और

(ख) ओडिशा में कितने किसान उत्पादक संगठनों को बैंकों से क्रेडिट लिंकेज दिया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) और (ख): ओडिशा राज्य से प्राप्त सूचना के अनुसार विभिन्न एजेंसियों द्वारा अब तक 341 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को पंजीकृत किया गया है। उपर्युक्त में से, इनमें से 237 एफपीओ को आवश्यक सहायता प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय कृषि ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के साथ जोड़ा गया है। नाबार्ड ने बैंकों के माध्यम से 14 एफपीओ को 22.59 लाख रुपये के साथ क्रेडिट लिंकेज प्रदान किया है। इसके अलावा अन्य एजेंसियों द्वारा प्रोन्नयन 26 एफपीओ को एनबीएफसी और नबकिसान (नाबार्ड की एक सहायक) द्वारा 330 लाख रूपये की राशि के लिए क्रेडिट लिंकेज प्रदान किया गया है। विवरण **अनुबंध** पर दिया गया है।

अनुबंध

राज्य: ओडिशा

बैंकों द्वारा एफपीओ को क्रेडिट लिंकेज - नाबार्ड द्वारा प्रोन्नयन का विवरण

क्र.सं.	एफपीओ का नाम	जिला	ऋण राशि (रुपये लाख में)	वित्तपोषण बैंक
1.	बुधसंबर दाल एंड वेजिटेबल पीसीएल	बरगढ़	10.00	भारतीय स्टेट बैंक
2.	टेस्टी वेजिटेबल पीसीएल	खोरधा	0.47	कॉर्पोरेशन बैंक
3.	प्रकृति बंधु एफ.पी.सी.एल.	गंजम	0.47	आंध्रा बैंक
4.	तमनादा एग्रो वूमन पीसीएल	गंजम	1. 20	यूजीबी
5.	तप्तपानी एफपीसीएल	गजपति	1. 20	इंडियन बैंक
6.	साबुजा साथी एफपीसीएल	सोनपुर	0.50	कॉर्पोरेशन बैंक
7.	सुबर्णरेखा एग्री पीसीएल	बालासोर	0.50	ओडिशा ग्राम्य बैंक
8.	अभिब्रुधी एफपीसीएल	अंगुल	0.75	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
9.	कपिलाश एफपीसीएल	ढेंकनाल	0.50	ओडिशा ग्राम्य बैंक
10.	श्यामसुंदर एफपीसीएल	ढेंकनाल	0.50	ओडिशा ग्राम्य बैंक
11.	पश्चिम ओडिशा वूमन पीसीएल	बोलंगीर	1.00	केनरा बैंक
12.	अलेकमहिमा पीसीएल	कोरापुट	2.50	उत्कल ग्रामीण बैंक
13.	पडुना नंदा पीसीएल	कोरापुट	2.50	उत्कल ग्रामीण बैंक
14.	मां बनश्री पीसीएल	नयागढ़	0.50	ओडिशा ग्राम्य बैंक
कुल			**22.59**	

राज्य: ओडिशा

एनबीएफसी द्वारा एफपीओ को क्रेडिट लिंकेज का विवरण

क्र.सं.	एफपीओ का नाम	जिला	ऋण की राशि (रुपये लाख में)	वित्त पोषण एनबीएफसी
1.	सर्गभट्ट एफपीसीएल	कंधमाल	2.00	समुन्नति
2.	प्रबीर ऑर्गेनिक पीसीएल	बोलंगीर	50.00	नबकिसान
3.	पटनेश्वरी एग्री पीसीएल	कोरापुट	24.00	नबकिसान
4.	स्वर्णज्योति पीसीएल	कोरापुट	25.00	नबकिसान
5.	भीमपहाड़ कृषक पीसीएल	बोलंगीर	25.00	नबकिसान
6.	अथागढ़ 4एस4आर पीसीएल*	कटक	8.00	नबकिसान
7.	ओडिशा पीसीएल	नुआपाड़ा	15.00	नबकिसान
8.	महामाई एफपीसीएल	सुंदरगढ़	19.90	नबकिसान
9.	वेजी कोस्टा पीसीएल	पुरी	8.00	नबकिसान
10.	टेस्टी वेज पीसीएल	खोरदा	8.00	नबकिसान
11.	मौली माँ मेज मंडी पीसीएल *	नबरंगपुर	20.00	नबकिसान
12.	पैंड्रानी क्रुशक पीसीएल *	नबरंगपुर	15.00	नबकिसान
13.	सहायक वूमन पीसीएल	नबरंगपुर	10.00	नबकिसान
14.	प्रकृतिबंधु एफपीसीएल	गंजम	12.10	रंग दे
15.	मानिकेश्वरी एफपीसीएल	कालाहांडी	10.00	रंग दे
16.	मरजादा एफपीसीएल	नुआपाड़ा	15.00	समुन्नति
17.	साबुजा साथी एफपीसीएल	सोनीपुर	10.00	समुन्नति
18.	संकल्प पीसीएल	झार्सीगुड़ा	10.00	एमएसएम माइक्रोफाइनेंस लि
19.	मां लक्ष्मी पीसीएल	क्योंझर	5.00	एसवी क्रेडिटलाइन लि
20.	अभया एफपीसीएल	बोलंगीर	5.00	समुन्नति
21.	गंधमर्दन एफ.पी.सी.एल.	बरगढ़	5.00	समुन्नति
22.	प्रथुन्ना एफपीसीएल	बोलंगीर	5.00	समुन्नति
23.	साईराज एफ.पी.सी.एल.	बोलंगीर	5.00	समुन्नति
24.	बनानी क्रुशक पीसीएल	बौध	3.00	समुन्नति
25.	क्रुशक अनयन संगठन पीसीएल	बोलंगीर	5.00	समुन्नति
26.	डासरी पीसीएल	क्योंझर	10.00	समुन्नति
कुल			**330.00**	

* नाबार्ड द्वारा समर्थित नहीं। फिर भी, नाबार्ड की सहायक नबकिसान द्वारा वित्तपोषित।

****